सार-समाचार

हर घर तिरंगा यात्रा के तहत रैली निकाली

सांचौर, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी वृहत स्तर पर देश भर में हर घर तिरंगा अभियान हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा के ध्येय पर आयोजित किया जा रहा है। देश भर में आयोजन के तर्ज पर शीर्ष नेतृत्व और जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के निर्देशानुसार में भाजपाइयों द्वारा विभिन्न मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व और जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार शहीदों के सम्मान तथा आमजन तक देश प्रेम का संदेश देने हेतु तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी के साथ तिरंगा बाइक रैली राव बल्लू जी सर्किल भारत माता जयकारों के साथ प्रारंभ होकर दरबार चौक, मुख्य बाजार, राष्टीय राजमार्ग होते हुए पीडब्ल्यूडी रोड पर रैली का समापन किया गया। प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ सह संयोजक डॉ शीला विश्नोई ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आव्हान इस अभियान में भाजपाईयों ने हर घर तिरंगा का संकल्प लेकर इस अभियान को धरातल पर साकार कर आमजन तक संदेश पहुंचाना है। इस दौरान जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड, चिकित्सा प्रकोष्ठ सहसंयोजक डॉ शीला विश्नोई, विधानसभा संयोजक भावेश सोनी, मंडल अध्यक्ष शंभूसिंह राव, सत्यपुर मंडल अध्यक्ष अर्जुनसिंह सरवाना, सांचौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हजारीराम सीलू, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष पहाडसिंह राव बोरली एस.टी. मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक पडियार, अल्पसंख्यक मोर्चा सायब खां, अर्जुन माली आदि मौजूद रहे।

नवोदय के पूर्व छात्रों ने पौधे लगाए

जालोर, (कासं)। नवोदय ऊर्जा सोसायटी एवम नवोसा के संयुक्त तत्वाधान में नवोदय हरित अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामदेव कॉलोनी में किया गया। परिसर में राजस्थान के विभिन्न जिलों के नवोदय विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने नवोदय हरित अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। समापन के समय नवोदय विद्यालय के पूर्व शिक्षक स्व. श्री छगन लाल जी के आकस्मिक निधन पर मौन रखा गया। इस मौके पर पूर्व विद्यार्थी रमेश चंद्र खोरवाल, ईश्वरलाल प्रजापत, डॉ विजय चौधरी, डॉ रामेश्वर लाल सुथार, सरोज चौधरी, सरिता चौधरी, राधेश्याम सोलंकी, प्रकाश माली, राजकुमार परमार, सुनीता शर्मा, शिवदत्त चारण, राजू त्रिपाठी, राजशेखर, प्रकाश चौधरी, सोनिया चौधरी, मदन परमार, चंद्ररेखा, गुप्तेश कुमार उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री कई कार्यक्रमों में लेंगे भाग

जैसलमेर, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा बुधवार को प्रात: 8:30 बजे जैसलमेर जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेंगे तथा इसके पश्चात हेलीकॉप्टर से प्रस्थान कर सवेरे 10:30 बजे तनोट पहुंचेंगे, जहां वे तनोट माता मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। वहा से वे भारत-पाक बॉर्डर की यात्रा करेंगे तथा सीमा प्रहरिया से मुलाकात करेंगे। शर्मा तनोट से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे फतेहगढ़ उपखंड मुख्यालय पर पहुंचेंगे, यहां वह उच्च शिक्षा विभाग के महाविद्यालय के कक्षा कक्ष का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात वह यहां से प्रस्थान कर दोपहर बाद 3 बजे जैसलमेर जिला मुख्यालय पहुंचेंगे, जहां वे स्थानीय जैनभवन में विभाजन विभीषीका संगोष्ठी में भाग लेंगे और इसके पश्चात विशेष विमान से जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री मंगलवार को जयपुर से विशेष विमान द्वारा रात्रि 9 बजे जैसलमेर पहुंचेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे।

व्यापारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

रेवदर, (निसं)। सिरोडी कस्बे के केवलबाग से मोटरसाइकिल पर तिंरगा यात्रा का हुआ शुभारंभ, यात्रा कस्बे के वाण रोड,रसीक गली,आजाद गली,अम्बिका गली,मालीवास होते हुए बामणवाड मन्दिर पहुंची। यात्रा के दौरान व्यापारीयों ने दुकानें बंद रखकर देशभक्ति का दिया संदेश,रैली में भारत माता व वन्दे मातरम् के नारों से गूंजी गलियां,डीजे पर चले देशभक्ति के गीत गूंज रहे थे। व्यापार मंडल अध्यक्ष छतराराम चौधरी, सरपंच शैतान सिंह,देवाराम देवासी,चिराग पुरोहित, कन्हैया लाल, दिपेंद्र सिंह, जयदीप सिंह, भूपेन्द्रसिंह,दिनेश मेगवाल,कालूराम देवासी, माधुराम देवासी,चिराग सोनी, दीपक माली, संत भंवरदास आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ ज्ञापन

सायला, (निसं)। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को भाजपा मंडल सायला द्वारा राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में हिन्दु धर्म के आस्था केन्द्र मंदिरों को तोडा जा रहा है। साथ ही अल्पसंख्यक हिन्दुओं की जघन्य हत्याएं एवं मां-बहिनों का शोषण हो रहा है। हिन्दुओं को उनके घरों व जमीन से बेदखल किया जा रहा है। जिसे रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। इस दौरान दीपसिंह धनानी, रामप्रकाश चौधरी, मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, डूंगरसिंह देवडा, मांगीलाल राजपुरोहित, छैलसिंह रावणा, मांगीलाल फोलामुथा समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हर घर तिरंगा अभियान के कार्यक्रम होंगे

जालोर, (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा हर घर तिरंगा अभियान 9 से 15 अगस्त तक चलेगा। हर घर तिरंगा अभियान के जिला सह संयोजक एडवोकेट मुकेश राजपुरोहित ने बताया की अभियान के तहत विधानसभा स्तर पर विशाल तिरंगा यात्रा , शहीद स्मारक पर स्वतंत्रता सैनानियो को श्रद्धाजंली, 14 अगस्त विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा । अभियान के सफल आयोजन के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव और जिला प्रभारी महेन्द्र बोहरा ने जिला, विधानसभा, मंडल स्तर पर संयोजको की नियुक्ति भी की गयी है

नेहरू कॉलोनी में पौधारोपण किया

जालोर, (कासं)। समर्पण सेवा संस्थान सांचौर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नेहरू कालोनी साचोर में अम्बे माता मंदिर में श्रावण मास के सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष उर्मिला दर्जी ने सभी महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए बात बताई। संस्था की सचिव जोशना कुमारी ने बताया कि संस्था की तरफ से इसी तरह सामाजिक जन कल्याण से संबंधित कार्य किये जा रहें हैं तथा नशा मुक्ति अभियान के प्रति भी संस्था की ओर से जागरूक किया जा रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष उर्मिला दर्जी, सचिव जोशना कुमारी, पेमी देवी,विमला देवी, भाग्यवती देवी, दिपिका राजपुरोहित,विमला वैष्णव, पिंकी गर्ग सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

सेना के जवानों को राखी बांधी

जोधपुर, (कासं) । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सेना बनाड़ जोधपुर में मंगलवार को बालिकाओं ने सेना के जवानों को राखी बाँधी। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने बताया कि त्रिदिवसीय चतुर्थ चरण व हीरक पंख जांच शिविर में जयपुर संभाग के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से आई बुलबुल ने नगनथोई ओइनम, मेजर, 19 एफएडी सेना की उपस्थिति में सेना के जवानों की कलाई पर राखी बाँधी। बालिकाओं द्वारा अपनत्व और कृतज्ञता के भाव से बंधी राखी देखकर जवान भावुक हो गए। प्राचार्य उम्मेद सिंह ने इस अवसर पर राष्ट्र रक्षा, निर्माण में सेना के अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया ।

विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया

जोधपुर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भटियानाडी, मण्डोर, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य बजरंग एवं विद्यालय के अध्यापक एवं कर्मचारीगण तथा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जलापूर्ति दो से तीन दिन रहेगी बाधित

बालोतरा,(नि.सं.)। भणियाणा गांव में परियोजना मुख्य पाईप लाईन लीकेज होने के कारण परियोजना से जुडे सभी गांवो व बालोतरा शहर की नहरी जलापूर्ति दो से तीन दिवस तक बाधित रहेगी। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता जीतेश कुमार मीणा ने बताया कि भणियाणा गांव में परियोजना मुख्य पाईप लाईन लीकेज होने के कारण परियोजना से जुडे सभी गांवों व बालोतरा शहर की नहरी जलापूर्ति दो से तीन दिवस तक बाधित रहेगी।उन्होंने जल उपभोक्ताओ से पानी का मितव्ययता के साथ उपयोग करने की अपील की।

1857 प्रथम स्वाधीनता संग्राम के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पाली, (नि.सं.)। मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आऊवा गांव में 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पैनोरमा प्रांगण में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम पैनोरमा प्रांगण में लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने तिरंगा लहराया।

इस अवसर पर गैलेक्सी इंटर नेशनल स्कूल के छात्र छत्राओ ने ड्रम वादक के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति दी वही अंग्रेजी मीडियम उच्च माध्यमिक विधालय, स्वामी दयानंद उच्च प्राथमिक विधालय, पायनियर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से पूरे स्वतंत्रता संग्राम पैनोरमा की दीवारों व प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में विधायक मारवाड़ जंक्शन, मुख्य अतिथि केसाराम चौधरी ने कहा कि पूरा देश इन्ही क्रांतिकारियों की बदौलत आज आजादी का पर्व मना रहा है, आऊवा का इतिहास स्वर्णिम व गौरवशाली है।

इस अवसर पर मारवाड़ जंक्शन उपखण्ड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आऊवा गाँव मे 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पैनोरमा में आजादी के दीवानों को श्रृद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। पैनोरमा में प्रथम स्वाधीनता संग्राम के महानायक खुशालसिंह चंपावत के समक्ष पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। वही ब्रिटिश हुकूमत ने जिन 24 क्रांतिकारियों का कोर्ट मार्शल किया उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पैनोरमा में 1857 के सभी वीर शहीदो को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। पूरे पैनोरमा में 1000 से अधिक विद्यार्थियों की ओर से तिरंगा फहराया गया। पैनोरमा के विकास व प्रचार प्रसार के लिए उपखण्ड स्तर से प्रयास किए जाएंगे, जिससे आने वाली पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से रूबरू हो सके।

उपखण्ड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा ने समस्त छात्र छत्राओ व सभी कार्मिको व ग्रामवासियो को तिरंगा फहराने व हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करने और भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधान मंगलाराम देवासी,आऊवा तहसीलदार ,कालूराम प्रजापत, विकास अधिकारी, भगीरथसिंह राठौड़, सरपंच केशरसिंह राजपुरोहित, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंकरसिंह उदावत, विधुत विभाग सहायक अभियंता संतोष अग्रवाल, गेलेक्षी स्कूल प्राचार्य निकिता टंडन, कार्यक्रम सहप्रभारी देवेंद्रसिंह मीणा, महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम उच्च माध्यमिक विद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य जीवाराम, पायनियर माध्यमिक स्कूल प्राचार्य रामलाल प्रजापत, स्वामी दयानंद शिक्षण संस्था प्राचार्य किशोर कुमार वैष्णव, एसडीएमसी सदस्य अनिल मारू सहित ग्रामीण, उपखण्ड स्तरीय कार्मिक, स्कूलो के छात्र छात्राएं, ग्राम पंचायत आऊवा के वार्ड पंच, ग्रामीण मौजूद रहे।

पाली जिले के आऊवा गांव में 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पैनोरमा प्रांगण में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के सामने विधायक से भिड़े आर.एल.पी. नेता

बालोतरा, (निसं)। डिप्टी सीएम दिया कुमारी के सामने ही भाजपा विधायक अरुण चौधरी से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के नेता भिड़ गए। विधायक गाड़ी में बैठकर जाने लगे तो रोक लिया। पुलिस विधायक की गाड़ी को रवाना करने लगी तो लोगों ने कार पर मुक्के बरसाए। मामला बालोतरा के नगाणा में डोली गांव में नेशनल हाईवे-25 पर सुबह 11.30 बजे का है।

दरअसल, डिप्टी सीएम दिया कुमारी मंगलवार को बालोतरा के दौरे पर थी। डिप्टी सीएम दिया को बालोतरा के नागाणा में नागाणा शक्ति पीठ धाम पर एक पेड़ मां के नाम अभियान और वीर दुर्गादास राठौड जयंती के तहत पौधारोपण करना था।

डिप्टी सीएम का काफिला जोधपुर से सुबह दस बजे के करीब निकला। जोधपुर-बाडमेर हाईवे-25 से होते हुए काफिला बालोतरा के नागाणा की तरफ बढ रहा था। नागाणा से कुछ किलोमीटर पहले डोली गांव में डिप्टी सीएम को अपनी समस्याएं बताने के लिए ग्रामीण जुटे थे।

ग्रामीणों का नेतृत्व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के नेता थान सिंह कर रहे थे।डिप्टी सीएम का काफिला रुका तो ग्रामीणों ने थान सिंह के नेतृत्व में समस्या बताई।

उन्होंने कहा कि जोधपुर और पाली की फैक्ट्रियों से केमिकल युक्त दूषित पानी बहकर डोली गांव तक पहुंचता है। ऐसे में यहां खेत दूषित पानी से भरे रहते हैं। इस बार बारिश के कारण यह पानी कई घरों और ढाणियों तक पहुंच गया। कई साल से यह समस्या बनी हुई है। गांव वालों ने कहा कि इसका कोई समाधान नहीं हो रहा। दिया ने किसानों-गांव वालों से बात की, आश्वासन दिया।

डिप्टी सीएम दिया कुमारी थान सिंह और लोगों की बात सुन रही थी। इस दौरान पचपदरा से भाजपा विधायक अरुण चौधरी भी डिप्टी सीएम के साथ ही थे। उन्होंने थान सिंह को टोकते हुए कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए हमने ट्रीटमेंट प्लांट बनवा दिया है। इस पर थान सिंह और लोग आक्रोशित हो गए।

उन्होंने कहा कि आप गलत बोल रहे हैं। ऐसा कोई प्लांट कहां है। इसके बाद दोनों के बीच बहस हो गई। इस दौरान डिप्टी सीएम ने ज्ञापन लिया और कार में सवार हो गई। विधायक भी अपनी गाडी तक पहुंचे। उनके पीछे थान सिंह भी पहुंचे गए और कहा कि दिमाग में कोई गलत फहमी हो तो निकाल देना। विधायक रवाना हुए तो कुछ युवक कार के पीछे दौडे और खिडकी पर मुक्के बरसा दिए।

आरएलपी नेता बोले कि विधायक डिप्टी सीएम को गुमराह कर रहे थे:- मामले में जब आरएलपी नेता थानसिंह डोली से बात की तो उन्होंने बताया- ग्रामीण डिप्टी सीएम को खेतों और घरों में भरे पानी को लेकर समस्या बता रहे थे। तभी विधायक डिप्टी सीएम को गुमराह करने लगे। तब मैंने उन्हें टोका। कहा- आप गुमराह क्यूं कर रह हो। आप हमारे विधायक हो, हमारे गांव में पानी आ रहा है, इसकी समस्या का समाधान करो। बस इतनी सी बात थी।

विधायक अरुण चौधरी ने कहा कि नेता अपने आप को चर्चा में रखने के लिए इस तरीके की हरकतें करते हैं। केवल राजनीतिक फायदा लेने के लिए ऐसी हरकत कर रहे हैं। मैंने कहा था कि केंद्र सरकार से ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पैसा स्वीकृत हो गया है। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। तब थाना सिंह बोलने लगे कि आप झूठ बोल रहे हो।

उन्होंने कहा- मैं बीजेपी का कार्यकर्ता हूं, झूठ नहीं बोलता। ऐसी हरकत करना ठीक नहीं है। बता दें थान सिंह ने पचपदरा से आरएलपी के टिकट पर विधानसभा चुनाव-2023 लडा था। वे बीजेपी के अरुण चौधरी से हार गए थे।

निबंध एवं चित्रकला के परिणाम घोषित

जोधपुर, (कासं)। वीर दुर्गादास राठौड की 386वीं जयन्ती के अवसर वीर दुर्गादास राठौड स्मृति समिति व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 10 अगस्त को मयूर चौपासनी विद्यालय में आयोजित निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम आज घोषित किये गये।

वीर दुर्गादास स्मृति समिति के अध्यक्ष जगतसिंह राठौड ने बताया कि वीर दुर्गादास राठौड जयन्ती के उपलक्ष्य में इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन मयूर चौपासनी विद्यालय के प्रिंसीपल शरद तिवारी के निर्देशन में10 अगस्त को किया गया।

जिसमें जोधपुर के 31 विद्यालयों के 468 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

ट्रैक्टर रैली से तिंरगा लहराया

पाली, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री के मार्गदर्शन में व जिला परिवहन विभाग, कृषि ,सहकारिता विभाग के तत्वधान में मंगलवार को सर्किट हाउस से किसानों ने जय जवान जय तिंरगा जय किसान की थीम पर तिरंगा ट्रैक्टर रैली निकाली।

रैली के मुख्य अथिति ग्राम टेवाली, तहसील पाली के निवासी, भारतीय थल सेना की राजपूताना राइफल्ज रेजीमेंट की 11वी बट्टालीयन के होनरेरी कैप्टन प्रेम सिंह राठौड़ ने हरी झंडी दिखाई ।

इस अवसर पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री व जिला पुलिस अधीक्षक हरी झंडी दिखाई।

वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण किया

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कनाना में वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत साथ रहे। फोटो-राष्ट्रदूत

बालोतरा, (नि.सं.)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को कनाना में वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत साथ रहे।

वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण में आमजन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्रा दिया कुमारी ने कहा कि हमारी स्वतंत्रता वीर महापुरुषों के त्याग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत कर समाज के हर वर्ग के विकास की राह प्रशस्त करने के कार्य किया है। हमारा प्रयास रहेगा की समाज के हर वर्ग की मांगों को पूरा किया जाए। राज्य सरकार सड़क विकास का कार्य प्राथमिकता के साथ कर रही है। उन्होंने कहा कि बालोतरा समदड़ी के 32 किलोमीटर सड़क निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि वीर दुर्गादास राठौड़ के बिना हमारा इतिहास अधूरा है। भारतीय इतिहास में ऐसे कई वीर योद्धा हुए है जो प्रात: स्मरणीय है। जिनसे हम प्रेरणा ले सकते है। सामान्य परिवार में जन्म लेने वाले वीर दुर्गादास राठौड़ के समान कोई युद्धा नही हो सकता। उन्होंने सनातन संस्कृति को बचाने के लिए अपने वर्चस्व का त्याग किया। अपनी कई पीढ़ियां कुर्बान कर दी। उन्होंने कहा कि आज भारत बदलाव के दौर से गुजर रहा है। आज हमारे पास अपने देश को विश्व में अठाणी एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का अवसर है। हमें देश के विकास में अवरोध बनकर नहीं बल्कि विकास के पहिए को गति देने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।

सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, पचपदरा विधायक डॉ अरुण चौधरी, चौहटन विधायक आदुराम मेघवाल, जिला प्रदेशाध्यक्ष बाबूसिंह राजपुरोहित, बालाराम मूढ समेत जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत सत्तो, पंचायत समिति सम

क्रमांक:- ग्राप/संस्थापन/2024-25/22 दिनांक: 07/08/2024

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25

ग्राम पंचायत सत्तो में वित्तीय वर्ष 2024-25 में महात्मा गांधी नरेगा योजना, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित अन्य विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत करवाये जाने वाले निर्माण कार्यो के लिए उपयोग में ली जाने वाली सामग्री हेतु सामग्री आपूर्ति वार्षिकी दर संविदा पर क्रय करने हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीक्रत ठेकेदारो/फर्मो से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है:-

NIB Code - PFJ2425A0042
BID/UBN - PFJ2425GLOB00043

सरपंच/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सत्तो
पंचायत समिति सम

Jalore Nagrik sahakari Bank Ltd .
Head office : Near Haridav Joshi Circle Jalore (Rajasthan)
Email: headoffice@jalorebank.com / Website: jalorebank.com/Phone No. 94138-54111

क्रमांक/जा.ना.स.बैंक/3842 दिनांक 12.08.2024

॥ निविदा सूचना ॥

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड को अपनी शाखा रानीवाडा (जिला -सांचोर) के भवन हेतु फर्नीचर निर्माण एवं इलेक्ट्रीक फिटिंग के कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) से निविदाएँ आंमत्रित की जाती है । इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) अपनी निविदा दरें सील बन्द लिफाफे में दिनांक 27-08-24 को सांय 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय स्थित मुख्यकार्यकारी अधिकारी के कक्ष में रखे गये टेण्डर बॉक्स मे डालना सुनिश्चित करें विस्तृत विवरण एवं शर्ते मात्रा इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी के लिए बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com पर उपलब्ध है ।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.बैंक

Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd.
Head office : Near Haridev Joshi Circle , Jalore(Rajasthan)
Email: headoffice@jalorebank.com / Website: jalorebank.com/Phone No. 94138-54111

क्रमांक/जा.ना.स.बैंक/3845 दिनांक 12.08.2024

॥ निविदा सूचना ॥

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड को अपनी विभिन्न शाखाओं के लिए एटीएम / रिसाईक्लर मशीन खरीद हेतु इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) से निविदाएँ आंमत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) अपनी निविदा दरें सील बन्द लिफाफे में दिनांक 27-08-24 को सांय 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय स्थित मुख्यकार्यकारी अधिकारी के कक्ष में रखे गये टेण्डर बॉक्स मे डालना सुनिश्चित करें विस्तृत विवरण एवं शर्ते मात्रा इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी के लिए बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com पर उपलब्ध है ।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.बैंक

Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd.
Head office : Near Haridev Joshi Circle , Jalore (Rajasthan)
Email: headoffice@jalorebank.com / Website: jalorebank.com/Phone No. 94138-54111

क्रमांक/जा.ना.स.बैंक/3848 दिनांक 12.08.2024

॥ निविदा सूचना ॥

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड को संचालित सीबीएस में Add-On Module के अन्तर्गत सॉफटवेअर खरीद/ सर्विस हेतु इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) से निविदाएँ आंमत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) अपनी निविदा दरें सील बन्द लिफाफे में दिनांक 27-08-24 को सांय 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय स्थित मुख्यकार्यकारी अधिकारी के कक्ष में रखे गये टेण्डर बॉक्स मे डालना सुनिश्चित करें विस्तृत विवरण एवं शर्ते मात्रा इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी के लिए बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com पर उपलब्ध है ।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.बैंक

कार्यालय ग्राम पंचायत तातोल पंचायत समिति, जसवन्तपुरा जिला - जालोर(राज)

श्री पांचाराम चौधरी सरपंच
मो. 9950901274,9509455179
निवास- मु.तातोल ,पो. नून वाया -आगर जिला-जालोर(राज) 343025

क्रमांक/128/2024 दिनांक: 10.08.2024

ई-निविदा सूचना संख्या

पंचायत समिति जसवन्तपुरा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत तातोल के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि (निविदा प्रभावी होने की तिथि) के दौरान महात्मा गाँधी नरेगा योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत मूल्य कर अधिनियम 2003 के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/ विक्रेता(ओं)/फर्मो/संवेदकों/आपूर्तिकर्ता(ओं) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा आनलाईन अपलोड की जा सकती जिसकी अंतिम तिथि 21.08.2024 शाम 6:00 बजे तक है।

UBN - ZJR2425GLOB00341 NIB code - ZJR2425A0268
Tender Id 2024_PRD_412718_1

सरपंच
ग्राम पंचायत तातोल
पंचायत समिति जसवंतपुरा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तातोल
पंचायत समिति जसवंतपुरा

कार्यालय ग्राम पंचायत सियाणा पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक/ग्राप/निविदा/2024-25/88 दिनांक: 29.07.2024

ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत सियाणा के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गाँधी नरेगा योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/ विक्रेता(ओं) /फर्मो/संवेदकों/आपूर्तिकर्ता(ओं) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा आनलाईन अपलोड की जा सकती है।

UBN No.ZJR2425GLOB00343
NIB No.ZJR2425A0270

सरपंच
ग्राम पंचायत सियाणा
पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सियाणा
पंचायत समिति जालोर

कार्यालय ग्राम पंचायत सिवणा पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक/ग्राप/निविदा/2024-25/233 दिनांक: 31.07.2024

ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत सिवणा के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25की शेष अवधि के दौरान महात्मा गाँधी नरेगा योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/ विक्रेता(ओं) /फर्मो/संवेदकों/आपूर्तिकर्ता(ओं) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्